अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, समस्तीपुर

नामांकन सूचना

बी0एड0 सत्र–2018–20 में नामांकन के लिए संयुक्त सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार पटना के पत्रांक–375, दिनांक–13.08.2018 द्वारा निदेशक (शोध एवं प्रशिक्षण), शिक्षा विभाग, बिहार पटना के पत्रांक–347, दिनांक–30.07.2018 पर रोक लगाते हुए B.Ed. CET 2018 प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर सफल उम्मीदवार का नामांकन हेतु अनुमति प्रदान की गई है।

अतः B.Ed. CET 2018 प्रतियोगिता परीक्षा के वैसे सफल उम्मीदवार जिनका नाम महाविद्यालय में नामांकन हेतु नालन्दा खुला विश्वविद्यालय द्वारा अनुशंसित है वे दिनांक–16.08.2018 एवं 17.08.2018 को महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपने सभी शैक्षणिक मूल प्रमाण–पत्र एवं उसकी दो स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति (दो फोल्डर फाईल मे) एवं नीचे दिये गये सभी प्रमाण पत्रों के साथ जाँच कराकर नामांकन लेना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होने पर आपके नामांकन का दावा स्वतः समाप्त हो जायेगा।

1. मैट्रिक या समकक्ष के प्रमाण–पत्र जिसमें जन्म तिथि अंकित हो।
2. मैट्रिक का मूल अंक–पत्र एवं मूल प्रमाण–पत्र।
3. इन्टर का मूल अंक–पत्र एवं मूल प्रमाण–पत्र।
4. स्नातक/स्नातकोत्तर का मूल अंक पत्र एवं मूल प्रमाण–पत्र।
5. स्नातक/स्नातकोत्तर का CLC/DLC मूल प्रति।
6. CET 2018 प्रतियोगिता परीक्षा हेतु जारी प्रवेश–पत्र।
7. CET 2018 प्रतियोगिता परीक्षा उर्त्तीणता का प्रमाण–पत्र।
8. आरक्षित कोटि के अभ्यर्थी जिला पदाधिकारी या अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण–पत्र।
9. आधार कार्ड एवं आवासीय प्रमाण–पत्र।
10. हाल का खीचा हुआ दो रंगीन फोटो पासपोर्ट साईज का फोटो।
11. 100.00 रूपये का स्टांप पेपर पर इस आशय का शपथ–पत्र की उनके द्वारा दिये गये सभी सूचना एवं प्रमाण–पत्र सही हैं, भविष्य में कोई त्रुटि या गलत जानकारी पाये जाने पर उनके विरूद्ध कानूनी कारवाई की जायेगी, वे शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, NCTE एवं संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों का अनुपालन करेंगे एवं अनुपालन नहीं करने की स्थिति में उनका नामांकन रद्द करते हुए परीक्षा हेतु उत्प्रेषित नहीं की जायेगी तथा वे महाविद्यालय द्वारा संचालित कुल कार्य दिवस के आलोक में कुल 90 प्रतिशत उपस्थिति सुनश्चित करेंगे अन्यथा उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा हेतु उत्प्रेषित नहीं किया जायेगा।
12. नामांकन हेतु प्रथम वर्ष के लिए 12,500.00 (बारह हजार पाँच सौ) रुपये एवं अनु0जाति/ज0जाति/निःशक्त के लिए यह राशि 4900.00 (चार हजार नौ सौ) रुपये नामांकन के समय महाविद्यालय के बैंक खाता में जमा करना होगा। यह राशि विद्यार्थियों के मासिक योजना एवं आवास शुल्क को छोड़कर है।
13. किसी भी तरह के दावा का निपटारा महाविद्यालय नामांकन समिति द्वारा किया जायेगा जो अंतिम होगा।

14.8.18

प्राचार्य,
अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय,
समस्तीपुर।

14.8.18